वर्द्धमान News

Digital Edition

शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 25 सितम्बर 2025, गुरुवार

Email : vardhmannewsbwr@gmail.com

मूल्य : निःशुल्क







नाज़ में भव्य गरबा रास...

दादी-मम्मी संग थिरके बच्चों के कदम

शिक्षा के साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत भी सजीव रहे : चतुर्वेदी

वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज़) में भव्य गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 3 वर्ष से 11 वर्ष तक के विद्यार्थी गरबा रास के भावविभोर कर देने वाले गीतों पर जमकर थिरके। नाज़ में पहली बार आयोजित गरबा उत्सव में खास बात यह रही नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के साथ उनकी दादी ओर मम्मी को भी नृत्य करने का अवसर प्रदान किया गया। आकर्षक साज सज्जा के साथ बने पांडाल में विभिन्न राउंड में आकर्षक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अनेक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा। बच्चों के साथ उनकी दादी ओर मम्मी की गरबा परिधान में सजधज कर नृत्य प्रस्तुति पर दर्शकों ने करतल ध्वनि से जमकर साथ दिया। अभिभावकों का उत्साह इस बात से झलक रहा था कि उन्होंने नन्हें बच्चों को गरबा परिधान पहनाकर सजा धजा कर नाचने के लिए प्रेरित प्रेरित किया। गरबा उत्सव के मुख्य अतिथि जाने माने डिजीटल ब्लागर, शायर, सुरेन्द्र चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद कुमावत का स्कुली छात्रों की बैंड ने संगीतमय धुन पर अगुवानी की तथा शाला की छात्राओं ने मंगलतिलक लगाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के सचिव डॉ नरेन्द्र पारख , सुरेन्द्र चतुर्वेदी, रामप्रसाद कुमावत , चैन्नई से पधारे एम.गौतमचंद बोहरा, अरविंद मूथा , सुनील ओस्तवाल, देवराज लोढा , पत्रकार विमल चौहान, श्याम शर्मा का शाला प्रिंसिपल निवेदिता पाठक, वाइस प्रिंसिपल नागेन्द्र राठौड़ और शाला के शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भैंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि उद्बोधन में श्री चतुर्वेदी ने कहा धार्मिक परंपराएं हमारी संस्कृति ओर विरासत है शिक्षा के साथ छात्रों मे हमारी संस्कृति ओर संस्कार का बीजारोपण होना चाहिए, हमारी संस्कृति उत्कृष्ट राष्ट्र निर्माण में ओर शिक्षा देश के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री कुमावत ने कहा नाज़ में सांस्कृतिक मंचन का उच्च स्तर का आयोजन प्रस्तुति बता रही है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाला की प्रिंसिपल निवेदिता पाठक के निर्देशन में शिक्षक ओर शिक्षिकाओं ने पूरा उत्साह से परिश्रम किया है। श्री वर्द्धमान शिक्षक समिति के सचिव डॉ नरेंद्र पारख ने अभिभावकों के बड़ी संख्या में हिस्सा लेने और बच्चों के उत्साह का स्वागत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। भीलवाड़ा के गांधी परिवार ने विद्यालय में एक 85 इंच का एलईडी टीवी भैंट किया.

बच्चों के लिए आयोजित गरबा उत्सव में प्रतियोगिताएं विभिन्न चरणों में आयोजित हुई

प्री प्राइमरी बेस्ट कॉस्ट्यूम क्लास (एच के जी) विनर जिनेश प्रथम, भाविक द्वितीय, रवैया तीसरे पर रहे, (एल के जी) में निहारिका प्रथम, यशिका द्वितीय व युवांश तीसरे स्थान पर रहे। (नर्सरी) में लावय प्रथम, कनिष्का द्वितीय व भव्य तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पहली में लविष्का प्रथम, पार्थ दूसरे तथा मुद्रा तीसरे स्थान पर रहे जो तीन वर्ष से छह: वर्ष के बच्चों के लिए थी।

सात वर्ष से नौ वर्ष के बच्चों में मायरा प्रथम, परी द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रही। साथ ही दस वर्ष से ग्यारह वर्ष के गरबा में जय ने प्रथम स्थान, समीक्षा ने दूसरा स्थान , अवनीत कौर तीसरा स्थान लेकर बच्चों की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की।

माताओं के लिए आयोजित सोलो गरबा राउंड में हेमलता जांगिड़ प्रथम और वंशिका जी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

युगल गरबा प्रतियोगिता दो स्तर पर सम्पन्न हुई जिसमें मदर डॉटर राउंड की विजेता जोड़ी प्रथम स्थान पर नेहा तनिश व मीना दिव्यांशी दूसरे स्थान पर रहे, इस राउंड में मदर पार्टनर में मीना जिनेश प्रथम, भाविक विमला दूसरे स्थान पर रहे। गरबा प्रतियोगिता की बेस्ट कॉस्ट्यूम विजेता भावना जी रही। ग्रैंड मदर राउंड की विजेताओं में प्रथम स्थान पर अड़दी देवी और पुष्पा देवी क्रमश: दूसरे स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के निर्णायक हिमांशु जांगिड़, कनिका अग्रवाल और वर्तिका शर्मा के लिए निर्णय लेना बहुत ही कठिन रहा। इस इवेंट का संचालन अंचल अग्रवाल और सविता शर्मा में किया।
















अतिथि स्वागत सत्कार



नाज़ स्कूल बैंड ने संगीतमय धुनों से अतिथियों की अगुवानी..








भीलवाड़ा के गांधी परिवार ने श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज़) विद्यालय में एक 85 इंच का लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाला एलईडी टीवी भेंट किया

निर्णायकों की रही अहम भूमिका...











कार्यक्रम में निर्णायक की अहम भूमिका हिमांशु जांगिड़, नृत्यांजली की संचालिका कनिका अग्रवाल और वर्तिका शर्मा ने निभाई। उनके लिए निर्णय लेना बहुत ही कठिन रहा। इस इवेंट का संचालन अंचल अग्रवाल और सविता शर्मा में किया। इन सबके अमूल्य योगदान के लिए अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

बच्चों के लिए आयोजित गरबा उत्सव में प्रतियोगिताएं विभिन्न चरणों में आयोजित की गई



प्री प्राइमरी बेस्ट कॉस्ट्यूम क्लास (एच के जी) विनर जिनेश प्रथम, भाविक द्वितीय, रवैया तीसरे पर रहे, (एल के जी) में निहारिका प्रथम, यशिका द्वितीय व युवांश तीसरे स्थान पर रहे। (नर्सरी) में लावय प्रथम, कनिष्का द्वितीय व भव्य तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पहली में लविष्का प्रथम, पार्थ दूसरे तथा मुद्रा तीसरे स्थान पर रहे जो तीन वर्ष से छह: वर्ष के बच्चों के लिए थी।

सात वर्ष से नौ वर्ष के बच्चों में मायरा प्रथम, परी द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रही।

दस वर्ष से ग्यारह वर्ष के गरबा में जय ने प्रथम स्थान, समीक्षा ने दूसरा स्थान , अवनीत कौर तीसरा स्थान लेकर बच्चों की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की।

माताओं के लिए आयोजित सोलो गरबा राउंड में हेमलता जांगिड़ प्रथम और वंशिका जी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

युगल गरबा प्रतियोगिता दो स्तर पर सम्पन्न हुई जिसमें मदर डॉटर राउंड की विजेता जोड़ी प्रथम स्थान पर नेहा तनिश व मीना दिव्यांशी दूसरे स्थान पर रहे, इस राउंड में मदर पार्टनर में मीना जिनेश प्रथम, भाविक विमला दूसरे स्थान पर रहे। गरबा प्रतियोगिता की बेस्ट कॉस्ट्यूम विजेता भावना जी रही।

ग्रैंड मदर राउंड की विजेताओं में प्रथम स्थान पर अड़दी देवी और पुष्पा देवी क्रमश: दूसरे स्थान पर रही।















साप्ताहिक
वर्द्धमान News
Digital Edition शिक्षा का उजियारा
VARDHMAN NEWS VN NEWS पढ़ें और सबको पढ़ाएं BEAWAR (RAJ.)

Education is the most
Powerful weapon which you
Can use to change the world

बच्चों संग दादी-मम्मी की प्रस्तुतियों ने मोहा माना

समिति सदस्य गुगलिया का किया अभिनन्दन







वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के सदस्य चेन्नई निवासी जे.ललित जी गुगलिया के वर्द्धमान कैंपस में पहली बार पधारने पर स्वागत किया गया। वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग की प्रभारी हरजीत कौर सेहमी ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम.गौतम चंद बोहरा(चेन्नई), मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, ऋषभ जैन, नेहा जैन, स्किल नोडल प्रभारी छवि गरवाल उपस्थित रहे।

वर्द्धमान महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ







श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार पूर्ण मनोयोग के साथ मनाया जाएगा, जिससे छात्राओं में स्वच्छता के प्रति गहरी लग्न विकसित हो।

कार्यक्रम अधिकारी प्रीति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इसे स्वछोत्सव के रूप में मनाये जाने की योजना है, जिसमें हर दिन को विशेष दिवस के रूप में मनाते हुए अलग-अलग गतिविधियां निबंध स्लोगन, कविता लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल, सार्वजनिक स्थलों एवं महाविद्यालय की सफाई, सिगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण आदि आयोजित की जाएगी। प्रथम दिन छात्राओं की स्वच्छता में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से रैली द्वारा जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह से रैली में हिस्सा लिया और स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए द्विभाषी नारे लगाए।

वर्द्धमान कॉलेज में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा के निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम पर डॉकयूमेंट्री फिल्म का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

शिक्षा में नवाचार का प्रयोग करते हुए इस फिल्म के माध्यम से छात्राओं को भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, तथ्यों, संविधान के आदर्शों, मूल्यों व निर्माण में संविधान निर्माताओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित करने के साथ ही छात्राओं में संविधान की समझ को गहरा करने और लोकतांत्रिक ढांचे के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढा द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक होना हमारा पहला कर्तव्य है तथा छात्राओं को संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान व्याख्याता राजकुमारी कुमावत ने किया। कार्यक्रम में राजनीति विभाग की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में वर्द्धमान ग्रुप का परचम

चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर दिखाएंगे दमखम





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान श्री भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज़) के छात्र/छात्राओं ने 69वीं जिला स्तरीय कुश्ती, जूडो, हैंडबॉल, शतरंज, राइफल शूटिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट सहित अन्य प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रतिभावान खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन किया गया है जो आगामी दिनों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे।

श्री भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी हैंडबॉल टीम में नयनवीर सिंह, मोहित पीपाड़ा, अंशुमन सिंह, तन्मय सिंह, कृष्णा गहलोत, यश सांखला, श्रेयांश, दर्शील गर्ग का चयन राज्य स्तर पर किया गया है।

कुश्ती में पायल चौहान, नित्या तंवर, सुहानी खींचा, अंशिका गहलोत, राघव माहेश्वरी का चयन राज्य स्तर पर हुआ।

शतरंज में पुनीत शर्मा, दीपक खत्री, दक्ष दाधीच, लक्ष जैन का राज्य स्तर पर चयन किया गया है।

श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, ब्यावर की छात्रा सुश्री जयश्री का हैंडबॉल 17 वर्ष आयु और छात्र दिव्यांशु का हैंडबॉल 17 वर्ष आयु के अंतर्गत राज्य स्तर पर चयन हुआ। भौमिक सारण का 14 वर्ष छात्र वर्ग बेडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्वांश एवं रेसलिंग में भूमिका प्रजापति का राज्य स्तर पर चयन किया गया।

वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, गोठी स्कूल प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा, उप प्राचार्या सुनिता चौधरी एवं नाज़ की प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्रधानाचार्य श्री नागेश राठौड ने समस्त चयनित खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।





राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा के निर्देशन में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के स्थापना दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि यदि आप मेहनत के साथ पूरे मन से राष्ट्रीय सेवा योजना को आत्मसात करते है, तो निश्चित रूप से यह आपके लिए एवं समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि सी.एस. डॉ सरला शर्मा ने अपने स्वच्छता बनाम स्वास्थ्य विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

एनएसएस अधिकारी प्रीति शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य नॉट मी बट यू हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है, हमें समाज एवं अन्य लोगों के प्रति विचारशील होना चाहिए, अपने कर्तव्यों के लिए सजग रहना चाहिए तथा सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करने की सीख दी।

कार्यक्रम के अंत में एनएसएस अधिकारी कोमल गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश...









वर्कशॉप में सीखा गरबा मेकअप





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट विभाग में एक दिवसीय गरबा मेकअप वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

वर्कशॉप में ब्यावर जिले की छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया जिसमे मेकअप आर्टिस्ट प्रियंका मंगरोला एवं नीलम खत्री द्वारा छात्राओं को मेकअप से जुडी विभिन प्रकार की तकनीक को बारीकी से सिखाया। छात्राओं को गरबा में काम आने वाला वाटर प्रुफ मेकअप, टेटूआर्ट, हेयरस्टाइल आदि तकनीक को विस्तार से सिखाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा ने बताया कि इस प्रकार की वर्कशॉप से छात्राओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने की राह मिलती है। वर्कशॉप के अंत में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने सभी छात्राओं को भविष्य में फैशन डिजाइनिंग और मेकअप आर्टिस्ट कोर्स से अपनी पहचान बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने और वर्द्धमान का नाम वैश्विक पटल पर ऊंचा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, प्रशासनिक अधिकारी हरजीत कौर, नोडल अधिकारी छवि गरवाल, व्याख्याता ऋतू प्रजापति, भावना सोनी सहित समस्त संकाय सदस्य और छात्राए उपस्थित रही।



वर्द्धमान रूट्स में गरबा उत्सव 28 सितंबर को...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में किड्स गरबा उत्सव 28 सितंबर, रविवार को दोप. 3:30 बजे से वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड में रखा गया है।

